मूल्य 1 रु.

वर्ष: 13 - अंक : 252, मुंबई, मंगलवार, 28 नवंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




## मादक पदार्थों के साथ तीन नाइजीरियन गिरफ्तार

**एम.डी.मेफेड्रोन नामक मादक प्रदार्थ 554.02 ग्राम वजन, जिसकी कुल कीमत 55,40,200 रुपए और 2.630 किलोग्राम वजन गांजा जप्त किया गया**



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** वसई की तुलिंज पुलिस स्टेशन की अपराध जांच शाखा टीम ने नालासोपारा इलाके से 3 नाईजीरियन नागरिकों को लाखों रुपये एम.डी.ड्रग्स व गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नाईजीरियन के खिलाफ तुलिंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई यह कार्रवाई डीसीपी पौर्णिमा चौगुले -श्रींगी व एसीपी विनायक नरले के मार्गदर्शन में तुलिंज थाने के सीनियर पी. आई.शैलेन्द्र नगरकर व पी.आई.चव्हाण के नेतृत्व एपीआई म्हात्रे,एपीआई पाटील,पीएसआई केंगार व पीएसआई बांदल की टीम ने की है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## कैबिनेट में चल रहा है गैंगवार!

### सुप्रिया सुले का शिंदे सरकार पर

# निशाना

**भुजबल ने हिंगोली में आयोजित सभा में अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मराठा आरक्षण के लिए गठित शिंदे समिति को बर्खास्त करने की मांग की है। सुप्रिया ने कहा कि महायुति सरकार के पास 200 विधायक हैं, फिर भी अगर आपके कैबिनेट मंत्री को बाहरी मंच की जरूरत है, तो क्या कैबिनेट में गैंगवार चल रहा है।**



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा है कि जिस तरह से मुख्यमंत्री शिंदे सरकार में कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल अपने ही सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं। इससे लगता है कि कैबिनेट में गैंगवार चल रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने छगन भुजबल के साथ कई वर्षों तक काम किया है। लेकिन मैं उनसे अनुरोध करना चाहती हूं कि वे सार्वजनिक मंच पर जो मांग कर रहे हैं, उसे बंद दरवाजे के पीछे ही रखा जाए तो बेहतर होगा। एनसीपी सांसद ने कहा कि भुजबल कैबिनेट मंत्री हैं।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### मुंबई में आतंकवादियों के मौजूद होने की...

## झूठी कॉल करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में आतंकवादियों की मौजूदगी का फर्जी काल करने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फर्जी काल करने वाले शख्स की पहचान किशोर लक्ष्मण ननावरे (31 वर्ष) के रूप में की गई है। मुंबई पुलिस की टीम इस मामले में आरोपित से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार पंद्रह साल पहले 26/11 को हुए मुंबई आतंकवादी हमले के दौरान शहीद हुए सैन्य-पुलिस कर्मियों को रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई थी। इसी दौरान एक अज्ञात शख्स ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रुम में फोन कर कहा कि तीन आतंकवादी शहर में घुस आए हैं।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी वाराणसी से गिरफ्तार




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नालासोपारा।** नालासोपारा की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में 11 दिन से फरार आरोपी विशाल कन्नौजिया को यूपी के वाराणसी जिले से गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपी मिर्जापुर के जिले कछवा थाना अंतर्गत बारीपुर बरैनी का रहने वाला है। यूपी- एसटीएफ की वाराणसी इकाई और मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस के अपराध शाखा यूनिट तीन की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### 14 नवंबर 2023 की रात की घटना

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बीते 14 नवंबर 2023 की रात 9:25 बजे के आसपास नालासोपारा पूर्व के तुलिंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र निवासी शिकायतकर्ता की बच्ची अपनी बिल्डिंग के नीचे स्थित राशन की दुकान से चीनी लेकर वापस आ रही थी। उसी दौरान एक अज्ञात आरोपी ने बच्ची से कहा की तेरी मम्मी तुझे आवाज दे रही है। कह कर उसे ले गया और उसका मुंह दबाकर उसके साथ लैंगिक अत्याचार किया और मौके से फरार हो गया था।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### डूबती उम्मीदों के बीच



**वाजिब आशंका है कि बचाव कार्य लंबा खिंचा, तो डूबती-उतराती उम्मीदों के बीच जी रहे मजदूर क्या तब तक अपना जीवन संघर्ष जारी रख पाएंगे। फिलहाल यह साफ है कि मीडिया में बनाया गया यह माहौल निराधार था कि अब कुछ घंटों का ही इंतजार बाकी है।**

उत्तराखंड की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों के जल्द निकल आने की उम्मीदें अब कमजोर पड़ गई हैं। इस कार्य के लिए ऑस्ट्रेलिया से बुलाए गए विशेषज्ञ ने तो इस कार्य के पूरा होने की समयसीमा क्रिसमस तक बढ़ा दी है। यानी पूरा एक महीना और। यह आशंका वाजिब है कि सचमुच यह काम इतना लंबा खिंचता है, तो डूबती-उतराती उम्मीदों के बीच जी रहे मजदूर क्या तब तक अपना जीवन संघर्ष जारी रख पाएंगे। बहरहाल, यह तो साफ है कि सरकारी ब्रीफिंग के आधार पर मीडिया द्वारा कुछ घंटों के इंतजार का बनाया गया माहौल निराधार था। इस बीच उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सुरंग के पास जाकर टीवी कैमरों के कवरेज के बीच मजदूरों को यह बता आए प्रधानमंत्री उनकी रोज खोज-खबर ले रहे हैं। लेकिन ऐसे त्रासद मौके को भी इवेंट बना देने वाली सरकार अपनी उस परियोजना पर पुनर्विचार करने को तैयार नहीं है, जिसे पर्यावरणविदों की चेतावनियों के बावजूद आगे बढ़ाया जा रहा है। इन चेतावनियों में बार-बार कहा गया है कि हिमालय की पारिस्थितिकी इतनी भुरभुरी है, जिसमें छेड़छाड़ बड़े हादसों को न्योता देना है। हाल के वर्षों में हिमालय क्षेत्र में पारिस्थितिकीय दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इसी वर्ष इसका भयानक नजारा हिमाचल प्रदेश में देखने को मिला। बताया जाता है कि सुरंग ढहने के पीछे भी एक प्रमुख कारण हिमाचल की ऐसी संरचना ही है। बहरहाल, आज देश में ऐसा दुर्भाग्यपूर्ण माहौल बना हुआ है, जिसमें हादसों या अप्रिय घटनाओं की तह में जाने संबंधी चर्चा की गुंजाइश बेहद सिमट गई है। राजनीतिक संस्कृति ऐसी बन गई है, जिसमें आतंकवादियों के हाथों जान गंवाने वाले सैनिक अफसर के घर मंत्री सहायता राशि का चेक लेकर जाते हैं, तो बिलखती मां को उसे सौंपने के लिए टीवी कैमरों और लाव-लश्कर का पूरा तामझाम लगाया जाता है। इतना कि उस लाचार मां को यह कहना पड़ता है कि यहां प्रदर्शनी मत लगाओ। यह दुखद घटना रजौरी मुठभेड में मारे गए कैप्टन शुभम गुप्ता के आगरा स्थित घर पर हुई। मजदूरों की डूबती-उबरती को सांसों को भी इवेंट बनाने की कोशिश को इसी क्रम में देखा जाएगा।

# लोकसभा चुनाव के लिए मुद्दों की तलाश



**यह** सिर्फ कहने की बात नहीं है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव देश की राजनीति को दिशा देने वाले होंगे और इनसे पता चलेगा कि अगला लोकसभा चुनाव किन मुद्दों पर लड़ा जाएगा। यह आमतौर पर हर चुनाव के बारे में कहा जाता है लेकिन इस बार पांच राज्यों के चुनाव का मामला थोड़ा अलग है। इन पांचों राज्यों में उन सारे दांव-पेंच की परीक्षा होने वाली है, जिनके दम पर लोकसभा का अगला चुनाव लड़ा जाना है। लोकसभा चुनाव में आजमाए जाने वाले तमाम हथियारों को इन चुनावों में धार दिया जा रहा है। चाहे हिंदुत्व के मुद्दे के दम पर ध्रुवीकरण की राजनीति हो या लोक लुभावन वादों के जरिए लोक कल्याण की राजनीति को नया स्वरूप देना हो या जाति की राजनीति के सहारे हिंदुत्व के व्यापक मुद्दे का जवाब देना हो या लूट का पैसा वसूल कर लोगों को लौटाने की रॉबिनहुड मार्का राजनीति का दांव हो, सबकी परीक्षा इस चुनाव में होनी है। इससे पहले किसी चुनाव में इतने व्यापक पैमाने पर राजनीतिक दांव-पेंच नहीं आजमाए गए हैं।

लोक लुभावन घोषणाओं के जरिए आम लोगों को आकर्षित करने की राजनीति का मौजूदा दौर वैसे तो अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शुरू किया था। कांग्रेस ने जब कर्नाटक में इसमें नई चीजें जोड़ कर इसे आजमाया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मुफ्त की रेवड़ी कह कर देश को इससे बचाने की जरूरत बताई थी। लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस की भारी भरकम जीत के बाद प्रधानमंत्री ने मुफ्त की रेवड़ी का जुमला बोलना बंद कर दिया है। अब भाजपा आगे बढ़ कर इस दांव को आजमा रही है। एक तरफ कांग्रेस, पांच-छह-सात गारंटियों की घोषणा कर रही है तो दूसरी ओर भाजपा भी मोदी की गारंटी के नाम से अपना घोषणापत्र पेश कर रही है, जिसमें महिलाओं को नकद पैसे देने से लेकर रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी, ऊंची कीमत पर किसानों की फसल की खरीद, मुफ्त में स्कूटी और लैपटॉप आदि देने के वादे कर रही है। मोदी ने चुनाव प्रचार के बीच ऐलान कर दिया कि सरकार अगले पांच साल तक पांच किलो अनाज फ्री में देगी। दूसरी ओर कांग्रेस भी सारी सीमाएं तोड़ रही है। मुफ्त बिजली, पानी से लेकर मुफ्त की बस यात्रा और नर्सरी कक्षा के बच्चे से लेकर हर वयस्क महिला के खाते में नकद पैसे डालने तक के वादे कर रही है। पांच राज्यों के चुनाव नतीजों में यह देखने वाली बात होगी कि किसकी गारंटी और किसके वादे पर जनता ने ज्यादा भरोसा किया। जिसकी गारंटी को जनता स्वीकार करेगी वह लोकसभा चुनाव में और बढ़-चढ़ कर गारंटी देगा।

हिंदुत्व के सबसे बड़े मुद्दे की परीक्षा भी इन चुनावों में होनी है। पांच राज्यों के चुनाव के बीच अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन की तारीख आई है। राम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी से मिल कर उनको 22 जनवरी को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ और भाजपा ने 22 जनवरी से पहले 10 दिन तक पूरे देश में राममय माहौल बनाने का ऐलान किया है। इस वजह से बिना कहे भाजपा ने अयोध्या राममंदिर का मुद्दा पांच राज्यों के चुनाव प्रचार के केंद्र में ला दिया है। इसके अलावा हिंदुत्व के और भी मुद्दे आजमाए जा रहे हैं। जैसे तेलंगाना में भाजपा ने अपने घोषणापत्र में कहा कि उसकी सरकार बनी तो वह समान नागरिक संहिता लागू करेगी। गौर करने की बात है कि इस घोषणा से पहले मीडिया में यह खबर आई थी कि जल्दी ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता पर विचार के लिए बनाई गई जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी और उत्तराखंड सरकार विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर इसे कानून बना देगी। इस खबर के बाद तेलंगाना में भाजपा ने इसका वादा किया है।

इसी तरह हिंदुत्व की राजनीति के तहत तेलंगाना में भाजपा ने यह भी वादा किया है कि उसकी सरकार बनी तो वह लोगों को मुफ्त में अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन कराने ले जाएगी। यह बात और भी राज्यों में कही गई है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में तो भाजपा के नेता दो कदम और आगे बढ़ गए। मध्य प्रदेश में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि चुनाव पर पाकिस्तान की नजर है और अगर भाजपा हारी तो पाकिस्तान में खुशियां मनाई जाएंगी। यह बात राजस्थान में विधानसभा चुनाव लड़ रहे महंत बालकनाथ ने कही और बड़े प्रचार के तौर पर राजस्थान भेजे गए रमेश विधूड़ी ने भी कही। वे संसद में एक मुस्लिम सांसद से बदतमीजी करके चर्चा में आए हैं। राजस्थान में एक दर्जी कन्हैयालाल की दो मुस्लिम युवाओं द्वारा हत्या के मामले को भी भाजपा के नेता हाईलाइट कर रहे हैं। नाथ संप्रदाय के महंत बालकनाथ को चुनाव लड़ा कर भाजपा ने यह भी मैसेज बनाया कि राजस्थान में उनको मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। उधर छत्तीसगढ़ में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इकलौते मुस्लिम विधायक के क्षेत्र में जाकर माता कौशल्या की भूमि की पवित्रता की रक्षा करने की अपील की। पहले तो उन्होंने मुस्लिम विधायक पर बड़ी नस्ली टिप्पणी की थी, जिस पर चुनाव आयोग ने उनको नोटिस भी जारी किया है। सो, यह चुनाव हिमंत बिस्वा सरमा, योगी आदित्यनाथ और रमेश विधूड़ी सहित ऐसे कई नेताओं की उपयोगिता की परीक्षा वाला भी है।

इस चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों ने जाति गणना का बड़ा मुद्दा बनाया है। कांग्रेस पार्टी की ओर से तो मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दोनों जाति गणना के मुद्दे को सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे के तौर पर पेश कर रहे हैं। राहुल ने हर जगह वादा किया है कि कांग्रेस की सरकार बनते ही जातियों की गिनती कराई जाएगी। उन्होंने कर्नाटक में दिया गया अपना नारा जितनी आबादी उतना हक को बार बार दोहराया है। भाजपा भी इसमें पीछे नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि भाजपा जाति गणना के खिलाफ नहीं है। इसके बाद उन्होंने जाति राजनीति के सबसे बड़े गढ़ यानी बिहार जाकर कहा कि बिहार में जाति गणना का फैसला उस समय हुआ था तब भाजपा भी सरकार का हिस्सा थी। इस तरह उन्होंने जाति गणना का श्रेय लिया। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी ने 35 फीसदी मंत्री ओबीसी समुदाय के बनाए हैं। उन्होंने कांग्रेस को इस आधार पर कठघरे में खड़ा किया कि भाजपा ने उससे ज्यादा ओबीसी मुख्यमंत्री बनाए हैं। इसके बावजूद जाति गणना और आरक्षण बढ़ा कर पिछड़ी जातियों को अपने साथ जोड़ने का बड़ा अभियान कांग्रेस ने छेड़ा है। कर्नाटक के बाद पांच राज्यों में इस मुद्दे की परीक्षा होनी है। अगर कांग्रेस को कामयाबी मिलती है तो हिंदुत्व के मुद्दे के बरक्स रामबाण की तरह लोकसभा चुनाव में इसका इस्तेमाल किया जाएगा।

राहुल गांधी के रॉबिनहुड वाली छवि की परीक्षा भी इन चुनावों में होनी है। वे तेलंगाना में बार बार कह रहे हैं कि केसीआर सरकार ने जनता का जितना पैसा लूटा है वह वसूला जाएगा और जनता को लौटाया जाएगा। यह लोकसभा चुनाव के लिए बड़ा मुद्दा हो सकता है। अगर तेलंगाना में कांग्रेस को कामयाबी मिलती है तो लोकसभा चुनाव में इसे आजमाया जाएगा। राहुल लोकसभा चुनाव में ऐलान कर सकते हैं कि 10 साल में चुनिंदा कारोबारियों को जितना पैसा सरकार की ओर से लूटने दिया गया है उनकी वसूली होगी और वह पैसा लोगों को लौटाया जाएगा। लोगों को इस तरह के वादे पसंद आते हैं और बड़े लोगों पर कार्रवाई की बात भी लोगों को आकर्षित करती है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# चैन स्नेचिंग और मोटरसाइकिल चोरों को ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट नंबर 1 द्वारा किया गया एक आरोपी को गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

## गिरफ्तार आरोपी द्वारा दिया गया 35 आपराधिक वारदातें को अंजाम

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**ठाणे।** ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट नंबर 1 द्वारा चैन स्नेचिंग और मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार करने का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में ठाणे क्राइम ब्रांच जोन एक के उपायुक्त शिवराज पाटिल द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट नंबर 1 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दिलीप पाटिल और महिला सहायक पुलिस निः रूपाली पोळ, पुलिस उप निः भिलरे को खबरी द्वारा गुप्त सूचना मिली के 4 नवंबर शनिवार शाम 6:30 बजे एक व्यक्ति देसी पिस्टल लेकर नितिन कंपनी तीन हाथ नाका की ओर जाने वाला सर्विस रोड सार्वजनिक शौचालय पांच पाखाडीं में आने वाला है ठाणे क्राइम ब्रांच द्वारा जाल बिछाकर उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया तलाशी के दौरान उस व्यक्ति के पास से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस समेत एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद किया गया आरोपी का नाम सुनील रामबरन गोयल उर्फ रंबा उर्फ पप्पी वर्ष 21 रहवासी अटाली गांव अंबिवली तालुका कल्याण आरोपी के विरुद्ध में नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में गुः रजिं:नं:330/2023 भारतीय दंड संहिता कलम की धारा 3,25 सह महाराष्ट्र पुलिस कलम की धारा 37(1),135 के तहत मामला दर्ज किया गया पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के बाद उसने बताया कि यह देसी पिस्टल उसका मित्र प्रथमेश ढमक उर्फ पिल्या रहिवासी अंबिवली ने उसे रखने के लिए दिया है और बुलेट मोटरसाइकिल सज्जों उर्फ शहजाद मोहम्मद शाह ने मुझे दी थी यह जानकारी आरोपी ने दी उसके बाद नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज चैन स्नैचिंग मामले की छानबीन की जा रही थी और सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे थे तभी उन्हें पता चला की चैन स्नेचिंग मामले में प्रथमेश ढमक उर्फ पिल्या शामिल है और उसकी मोबाइल की लोकेशन जलगांव की बता रही है तभी उसी वक्त दिलीप पाटिल और महिला सहायक पुलिस निरीक्षक रूपाली पोळ द्वारा जलगांव से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया उसके बाद प्रथमेश ढमक उर्फ पिल्या से की गई कथित तौर पर पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला की 35 अपराधिक मामले को इन दोनों आरोपी द्वारा मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई पुणे के अंतर्गत पुलिस स्टेशनों में अंजाम दिया गया है जिनमें से 17 आपराधिक मामलों में यह दो अपराधी जेल की सलाखों के पीछे भी जा चुके हैं और वह जामीन पर बाहर थे और 18 मामले चैन स्नैचिंग और मोटरसाइकिल के थे जिनमें 11 चैन स्नेचिंग मामले आरोपी की तरफ से कबूल किया गए हैं और 7 आपराधिक चैन स्नैचिंग मामले में माल मुद्दा और मोटरसाइकिल बरामद किया गया है बरामद किए गए सोने के आभूषण की कीमत 4,21,000/- रुपये और चार मोटरसाइकिल की कीमत 4,30,000/-रुपए बरामद किया गया माल मुद्दे की कुल कीमत 8,51,000/-रुपए बताई जा रही है और आरोपी सज्जो उर्फ सहजद फरार है जिसकी तलाश की जा रही है आरोपी के विरुद्ध में नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में गुः रजिं:नं 323/2023 भारतीय दंड संहिता कलम की धारा 394, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है ठाणे क्राइम ब्रांच जोन एक के उपयुक्त शिवराज चौहान ने पिस्तौल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उसे किस उपयोग के लिए लाया गया था इसकी छानबीन की जा रही है पर अब तक पिस्टल से किसी प्रकार का कोई भी आपराधिक वारदात को अंजाम नहीं दिया गया है उन्होंने यह भी बताया कि ठाणे मनपा आयुक्त से पत्र व्यवहार कर निवेदन किया गया है कि शहर में बढ़ते हुए अपराध को देखते हुए ठाणे और कल्याण हर जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए जिससे अपराध कम होंगे और अगर कोई आरोपी द्वारा आपराधिक वारदात को अंजाम दिया जाता है तो उसे पकड़ने में भी सीसीटीवी कैमरा हम पुलिस वालों के लिए रामबाण साबित होता है फिलहाल फरार आरोपी सज्जो उर्फ सहजाद मोहम्मद शहा को कब तक ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट नंबर 1 गिरफ्तार करती है यह देखने वाली बात होगी।





# संविधान दिवस के अवसर पर सुप्रीम कोर्ट में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी का पुतला लगाये जाने पर मुब्रा में बौद्ध समाज ने मनाई खुशिया



**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** गत 26 नवंबर रविवार को पूरे देश में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी का सुप्रीम कोर्ट में पुतला लगाए जाने पर दलित समुदाय में खुशियां मनाई गई और मिठाइयां खिलाकर एक दूसरे को मुबारकबाद पेश की गई। मुंब्रा शहर में भी भारतरत्न डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जयंती उत्सव समिती मुंब्रा-कौसा विभाग बौद्ध उपासक-उपासिका समन्वय संस्था बौद्ध समाज के नेता प्रवीण पवार, बापू मखरे, अरविंद चिपळूणकर, गौतम हटकर, बबन पवार, संदेश खांबे, मंदार दसुरे, राजेश इंगोले, सिद्धार्थ पवार, संतोष देशमाने, ए.आर.पटेल, राजू दोंदे, वसंत पवार, गणेश जगताप, आकाश सरकटे, उमेश मखरे, अन्य भीमसैनिक द्वारा खुशियां मनाते हुए उपस्थित सभी मान्यवारों को मिठाई खिलाकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### कैबिनेट में चल रहा है गैंगवार!

ऐसे में उन्हें अपनी बात कैबिनेट की बैठक में उठानी चाहिए। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महाराष्ट्र में गंदी राजनीति चल रही है। सुप्रिया ने कहा है कि खोके सरकार की वजह से महाराष्ट्र अस्थिर हो गया है। भुजबल ने रविवार को हिंगोली में आयोजित सभा में अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मराठा आरक्षण के लिए गठित शिंदे समिति को बर्खास्त करने की मांग की है। सुप्रिया ने कहा कि महायुति सरकार के पास 200 विधायक हैं, फिर भी अगर आपके कैबिनेट मंत्री को बाहरी मंच की जरूरत है, तो क्या कैबिनेट में गैंगवार चल रहा है। जैसा कि यूबीटी प्रवक्ता संजय राउत कहते हैं। एनसीपी सांसद ने कहा कि अगर कैबिनेट मंत्री बाहर आकर बोलेंगे तो कैबिनेट में क्या होगा। भुजबल को अपनी बात सीधे सीएम एकनाथ शिंदे से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का नुकसान ट्रिपल इंजन वाली इस स्वार्थी सरकार के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने मराठा व धनगर के लिए आरक्षण का वादा किया लेकिन उसे निभाया नहीं है। अब इस बारे में मंत्रियों को बीजेपी से सवाल करने चाहिए।

### बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी वाराणसी से गिरफ्तार

उक्त आरोपी को टीम ने बीते शनिवार को कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-9 की तरफ जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया है। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। घटना की शिकायत पर तुलिंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू किया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अपराध शाखा यूनिट तीन की पुलिस टीम तैयार कर तकनीकी जांच एवं मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर एक 23 वर्षीय पुरुष आरोपी को 25 नवंबर को एस.टी.एफ. वाराणसी के सहयोग से अपराध शाखा यूनिट तीन की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया है और आगे की कार्रवाई के लिए तुलिंज पुलिस स्टेशन में पेश किया गया है।

### मादक पदार्थों के साथ तीन नाइजीरियन गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि,25 नवंबर को तुलिंज पुलिस स्टेशन के पुलिस सिपाही सगले को अपने गुप्त मुखबिर से सूचना मिली थी कि 2 नाईजीरियन सद्गुरु कृपा अपार्टमेंट हाई टेंशन रोड प्रगतिनगर नालासोपारा पूर्व की खुली छत पर मादक पदार्थ खरीदने जा रहे हैं।इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त ने कार्रवाई करने के आदेश दिए।पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ वे उक्त स्थान पर गये व जाल बिछाया तथा रूम नं. 401 में रहने वाले 3 नाईजीरियन ( ओनेकोसी चिबुजो डाकलेन,नवाओबासी चिबुजे व ओनी इकेना बेन्थ ) की तलाशी ली गयी। इनके पास से एम.डी.मेफेड्रोन नामक मादक प्रदार्थ 554.02 ग्राम वजन, जिसकी कुल कीमत 55,40,200 रुपए और 2.630 किलोग्राम वजन गांजा जप्त किया गया। कुल 55,92,200 रुपए का मादक पदार्थ बरामद किया गया है। तीनो नाईजीरियन आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को 30 नवंबर तक पुलिस हिरासत मिली है। पुलिस ने बताया कि,साथ ही, 4 दिन पहले पुलिस उपायुक्त परिमंडल 2 वसई ने प्रगतिनगर नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में अवैध रूप से रहने वाले और अवैध कारोबार करने वाले नाईजीरियन और अन्य विदेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था। इसी तरह प्रगतिनगर इलाके में रहने वाले नाइजीरियन शख्स के घर और किचन की तलाशी ली गई,तो नाईजीरियन महिला रोज हेलेन कूमसन उम्र-21 वर्ष के पास से कुल 44,710 रुपये की अवैध शराब सहित अन्य सामान बरामद किया गया। इसी तरह 23 नवंबर को इकेना इकेपेमा उम्र 47 वर्ष ( निवासी-रूम नं.204 ओम साई अपार्टमेंट प्रगति नगर, नालासोपारा पूर्व ) के घर से कुल कीमत 60,775 रुपये शराब अपराध का मुद्देमाल जप्त किया गया है।आरोपियों के खिलाफ तुलिंज थाने में धारा 65 (ई) के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### झूठी कॉल करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

इन तीनों के पास बैग हैं और उनकी भाषा समझ में नहीं आ रही है। तीनों मुंबई में आतंकी हमले की तैयारी करते लग रहे हैं। इसके बाद अज्ञात शख्स ने फोन काट दिया था। इसके बाद पुलिस ने इस खबर को गोपनीय रखते हुए महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी और फोन करने वाले की तलाश शुरू की। रविवार को देर रात पुलिस ने अज्ञात फोन करने वाले को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान बताया कि उसने शराब के नशे में यह जानकारी पुलिस को दी थी। फिलहाल पुलिस इस मामले की गहन छानबीन कर रही है।



अक्सा बीच पर 26/11 के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दरियादिल मुंबईकर समूह और राष्ट्रीय सैनिक संस्था महिला इकाई की टीम। इस दौरान अर्चना देशमुख ने कहा कि शहीदों की शहादत को हम कभी नहीं भूल सकते हैं। धर्म चाहे जो भी हो अच्छे इंसान बनों। हिसाब हमारे कर्म का होगा धर्म का नहीं।

## 15 दिवसीय निशुल्क मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सुभारंभ सैलेंदर कुमार पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मधुबनी।** भारत नेपाल सीमा पर तैनात 18वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय राजनगर के कमांडेंट दामोदर प्रसाद मीणा के निर्देशानुसार द्वितीय कमान अधिकारी सैलेंद्र कुमार पांडेय के मौजूदगी में निरीक्षक रजनीश कुमार सिंह कम्पनी कमांडर अर्रहा के नेतृत्व में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहुरिया परिसर में 15 दिवसीय निशुल्क मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सुभारंभ द्वितीय कमान अधिकारी सैलेंद्र कुमार पाण्डे समेत अन्य ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। इसके तहत उन्हें सरकारी स्तर पर सहायता और सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में




मुर्गी पालन का व्यवसाय शुरू करने के लिए भी सरकार की ओर से सहायता और अनुदान दिया जाता है। लेकिन मुर्गी पालन का व्यवसाय शुरू करने से पहले इसका प्रशिक्षण लिया जाना जरूरी हो जाता है, ताकि किसान इससे अधिक कमाई कर सकें। प्रशिक्षण का उद्देश्य न केवल मुर्गी पालन की विधिवत जानकारी देना है। इसी के साथ ही इस व्यवसाय को कैसे बेहतर रोजगार का साधन बनाए इस बात पर जोर देना है।

इसके लिए कई राज्यों में प्रशिक्षण की व्यवस्था समय-समय पर कृषि और पशुपालन विभाग की ओर से की जाती है। इसके अलावा कई संस्थाएं भी इसके लिए सशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करती हैं। आज हम आपको ट्रैक्टर जंक्शन के माध्यम से ऐसे संस्थानों की जानकारी दे रहे हैं, जो मुर्गी पालन का व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करती हैं। बता दें कि आज मुर्गी पालन एक बहुत बड़े व्यवसाय के रूप में उभर रहा है। इस व्यवसाय को करके लोग लाखों रुपए की कमाई कर रहे हैं। यह 15 दिवसीय प्रशिक्षण 24 से 7 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा मधुबनी जिला के संरक्षक राम सुदिष्ट यादव की अध्यक्षता में मनाया संविधान दिवस

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** आज संविधान दिवस दिवस के अवसर पर वाम सेफ संगठन की ओर से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन मधुबनी में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा मधुबनी के संरक्षक राम सुदिष्ट यादव की अध्यक्षता में सहर्षोल्लास के साथ संविधान के निमार्ता बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी को याद किया गया। साथ ही साथी



बाबासाहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कोटि-कोटि प्रणाम नमन किया। इस अवसर पर मान्यवर राम सुदिष्ट यादव ने कहा कि जिनकी आवाज तो थी पर उन्हें बोलने नहीं दिया गया। जिन कमेरे वर्गों ने मेहनत तो की पर उन्हें उसका मेहनताना नहीं मिला। जिनके कुएं, चूल्हे और घर तक अलग कर दिए गए। जिन महिलाओं को हर महीने पांच दिन अछूत बनाया गया और परिवार की संपत्ति से वंचित किया गया। जिनको स्कूलों और कॉलेजों के दरवाजे तक पहुंचने नहीं दिया गया। जिनका मनु के राज में कोई नहीं था, उनकी ताकत बना डा भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित भारतीय संविधान। दिवस की शुभकामनाएं।

## होली सेंट्रल सीनियर सेकंडरी स्कूल में फूड स्टॉल एवं विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मधुबनी।** जयनगर के होली सेंट्रल सीनियर सेकंडरी स्कूल में फूड स्टॉल एवं विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फूड स्टॉल में बच्चों की प्रतिभा देख लोग दंग रह गये। उनके द्वारा बनाए गये स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद चख लोगों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ होली सेंट्रल सीनियर सेकंडरीस्कूल के निर्देशक उमेश चंद्र शर्मा ने किया। सुबह 11 बजे का माहौल देखने लायक था। बच्चों में काफी उत्साह दिखी। वर्ग आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने फूड फेस्टिवल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वर्ग 9 से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने पानीपुरी,समोसा,पापड़ी चाट समेत अन्य प्रकार के व्यंजन बनाए हुए थे। हर फूड का अलग-अलग आकर्षक स्टॉल लगाया गया था। बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के कक्षा-9 और कक्षा-10 के छात्र छात्राओं ने भाग लेकर विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत कर अपनी अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर उमेश चन्द्र शर्मा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



स्कूल के डायरेक्टर उमेश चन्द्र शर्मा ने बच्चो को प्रतियोगिता में शामिल होने पर शुभकामनाएं दी और कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों की जानकारी देने का उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक ज्ञान में वृद्धि करना है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक नित्यानंद राय, धर्मेंद्र सिंह,मंजीत श्रीवास्तव, सुनील कर्ण, आरपी सर, मोहम्मद इसराफिल, बिनोद बिहारी सिंहगुड़िया देवी,आरती देवी,रजनी देवी सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

### सीमा पर भारत की लगातार बढ़ रही ताकत, कांपेगा दुश्मन

# लद्दाख के जोजिला दर्रे के पास सेना की तोप 'फोर्ज थंडरस्टॉर्म' तैनात

*1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान, दर्रा पाकिस्तानी हमलावरों के हाथ आ गया और लेह की रक्षा के लिए ये बेहद महत्वपूर्ण था। फिर सर्दियों से पहले इस पर कब्जा करना पड़ा।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कड़ाके की सर्दी शुरू होते ही युद्ध के लिए तैयार रहने के लिए भारतीय सेना ने ज़ोजिला दर्रे के पास 11,500 फीट की ऊंचाई पर 'फोर्ज थंडरस्टॉर्म' तैयार किया है।

ध्रुव कमांड के नाम से भी जाना जाने वाला, उत्तरी कमान के तहत सेना की तोपखाने रेजिमेंट ने लद्दाख के जोखिम भरे पहाड़ों में ज़ोजिला दर्रे के पास अभ्यास किया। 15 मीडियम रेजिमेंट, बटालिक बॉम्बर्स ने बर्फ से ढके और धूल भरे पहाड़ों से घिरी घाटी में एक्शन स्टेशन तैयार किए। ड्रिल का उद्देश्य पेशेवर कौशल को निखारना और ये दिखाना था कि जब ज़ोजिला में 'ठंढ का मिलन अग्निशक्ति से होता है' तो क्या होता है। ये दर्रा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये नियंत्रण रेखा (एलओसी) के बहुत करीब स्थित है और ये कश्मीर घाटी और लद्दाख को जोड़ने वाली लाइफ लाइन है।




### तोप के गोलों से कुछ ही सेकंड में थर्रा गई थी घाटी


लक्ष्य निर्धारित करने के लिए थर्मल छवि अवलोकन उपकरण और एक दृष्टि डायल का उपयोग किया गया था। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार फील्ड गन की ऊंचाई को कैलिब्रेट किया गया था। सैनिकों ने तोपखाने की तोपों में गोले भरे और कुछ ही सेकंड बाद घाटी में गगनभेदी आवाज गूंज उठी। फील्ड गन ने ऊंचाई पर सन्नाटे के बीच अपनी आवाज से तूफान पैदा किया। ये अभ्यास एक ब्रिगेडियर-रैंक अधिकारी की देखरेख में किया गया था।



### 140 अटैक हेलीकॉप्टर खरीदेगी सेना

सेना की ताकत जल्द ही और बढ़ने वाली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 30 नवंबर को रक्षा खरीद परिषद की बैठक होनी है। इस मीटिंग में सेना के लिए 140 अटैक हेलीकॉप्टर खरीदने की मंजूरी मिल सकती है। ये सौदा 45,000 करोड़ का होगा। थल सेना को 90 और वायुसेना को 55 हेलीकॉप्टर मिलेंगे।

ये हेलीकॉप्टर एचएएल ने बनाया है और सेना की जरूरतों के मुताबिक तैयार किया गया है। ये रेगिस्तान से लेकर सियाचिन और पूर्वी लद्दाख में भी ऑपरेट कर सकता है। इस हेलीकॉप्टर का नाम प्रचंड है। ये इकलौता अटैक हेलीकॉप्टर है, जो 16400 फुट पर उतर सकता है और उड़ सकता है। ये 50 फुट से ज्यादा लंबा और 15 फुट के करीब ऊंचा है। हेलीकॉप्टर हथियार और मिसाइल के साथ 5.8 टन वजन के साथ उड़ सकता है। इसकी स्पीड 268 किमी प्रतिघंटा है। इसमें दो इंजन लगे हैं और दो पायलट होते हैं। प्रचंड हेलीकॉप्टर में 20 मिलीमीटर के कैलिबर गन और 70 मिलीमीटर के रॉकेट लगे हैं। ये हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने वाले मिसाइल से लैस है। जो दुश्मन के टैंक, बंकर और ड्रोन को भी नष्ट कर सकता है। ये हेलीकॉप्टर अगले तीन चार दशकों तक उभरती हुई चुनौतियों से निपटने में सक्षम है।



### प्रोजेक्ट 15बी के तीसरे युद्धक जहाज इंफाल का अनावरण आज

प्रोजेक्ट 15बी गाइडेड मिसाइल के तीसरे स्टील्थ ड्रिस्ट्रॉयर द क्रेस्ट ऑफ यार्ड 12706 (इंफाल) का 28 नवंबर को अनावरण किया जाएगा। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहेंगे। बता दें कि युद्धक जहाज इंफाल लंबी दूरी की ब्रह्मोस मिसाइल दागने में भी सक्षम है। यह पहला युद्धक जहाज है, जिसका नाम उत्तर पूर्वी राज्य के शहर के नाम पर रखा गया है। यह जहाज 23 दिसंबर 2023 को नौसेना में शामिल होगा। द क्रेस्ट ऑफ यार्ड प्रोजेक्ट 15बी गाइडेड मिसाइल ड्रेस्टॉयर सीरीज का तीसरा युद्धक जहाज है। भारत में बना यह जहाज दुनिया के आधुनिक युद्धक जहाजों में से एक है। इस जहाज में एमआर सेम, ब्रह्मोस एसएसएम, तारपीडो ट्यूब लॉन्चर्स , एंटी सबमरीन रॉकेट लॉन्चर्स और 76एमएम री एसआरजीएम इस जहाज को दुश्मनों का काल बनाते हैं।

## भारतीय राजदूत तरनजीत संधू के साथ न्यूयॉर्क में बदसलूकी

मुंबई हलचल / न्यूयॉर्क

भारतीय राजदूत तरनजीत संधू के साथ न्यूयॉर्क में बदसलूकी हुई है। खालिस्तान समर्थकों ने उनके साथ



धक्कामुक्की की है। भारतीय राजदूत न्यूयॉर्क के एक गुरुद्वारे में गए थे। भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में हिक्सविले गुरुद्वारे गए थे। इसी दौरान खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने उन्हें घेर लिया।

### भाजपा नेता मनजिंदर का बयान सामने आया

खालिस्तान समर्थकों द्वारा अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू के साथ गुरुद्वारे के दौरे के दौरान धक्का-मुक्की की खबरों पर भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा का बयान सामने आया है। सिरसा ने कहा कि तरनजीत सिंह संधू के पिता तेजा सिंह समुंदरी थे और उन्होंने आजादी से पहले गुरुद्वारे के लिए चाबी वाला मोर्चा के लिए लड़ाई लड़ी थी। मेरा मानना है कि उनके साथ इस तरह की बदसलूकी बिल्कुल भी उचित नहीं है। मैं इसकी निंदा करता हूं।

## इजराइल और हमास के बीच बढ़ सकता है... संघर्ष विराम

नए सिरे से बंधकों की अदला-बदली की बन रही योजना

मुंबई हलचल / तेल अवीव

इज़राइल और हमास संघर्ष विराम के अंतिम दिन इस संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। साथ ही एक और बंधक अदला-बदली की योजना बनाई गई है। कतर और अमेरिका की मध्यस्थता से यह संघर्ष विराम हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ गाजा में संघर्ष विराम को बढ़ाने के लिए दबाव डाल रहे थे। इस वजह से हाल के दशकों का सबसे घातक इजराइली-फिलिस्तीनी हिंसा फिलहाल अस्थाई रूप से रुक गई है। लेकिन यह संघर्ष विराम सोमावर के बाद समाप्त हो रहा है।

### इजराइल ने की ये बड़ी घोषणा

इज़राइल ने कहा है कि वह प्रत्येक 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई के लिए



संघर्ष विराम को एक दिन बढ़ा देगा। उधर, हमास ने यह भी कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका, कतर और मिस्र की मध्यस्थता में कई हफ्तों की अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद जो संघर्ष विराम शुक्रवार को लागू हुआ, उसके और आगे बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन इज़राइल का यह भी कहना है कि वह हमास की सैन्य क्षमताओं को कुचलने और गाजा पर उसके 16 साल के शासन को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बंधकों और कैदियों की तीसरी रिहाई

इसी बीच रविवार को हमास ने चार दिवसीय संघर्ष विराम के तहत तीसरी बार अदला बदली में 14 इजरायलियों सहित 17 और बंधकों को मुक्त कर दिया। बदले में, इज़राइल ने 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया। अस्पताल ने कहा कि अधिकांश बंधक शारीरिक रूप से ठीक लग रहे थे।


## गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब में हुई कविताओं की बरसात





**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** सांस्कृतिक व साहित्यिक रूप से मुंबई महानगर की सर्वाधिक सक्रिय गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब मालाड पश्चिम में आयोजित कवि सम्मेलन में देर रात तक हास्य एवं श्रृंगार रस की कविताओं की बरसात होती रही। हास्य कवि सुरेश मिश्र के अद्भुत संचालन में कवि सम्मेलन की शुरूआत आगरा से पधारीं ममता शर्मा की सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद मंदसौर से आए मुन्ना बैटरी ने उपस्थित हजारों श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। उसके बाद ममता शर्मा ने अपनी पैरोडियों एवं श्रृंगार के गीतों से लोगों का मन मोह लिया। रायपुर छत्तीसगढ़ से आए पद्मश्री सुरेंद्र दूबे ने अपनी हास्य कविताओं से लोगों को खड़े होकर तालियां बजाने के लिए विवश कर दिया। अंत में साहित्य के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पद्मश्री सुनील जोगी ने। उन्होंने पूरे कवि सम्मेलन को शिखर पर पहुंचा दिया। उनकी एक-एक कविता पर साहित्य रसिक मंत्रमुग्ध थे। इससे पूर्व मनपा उपायुक्त रमाकांत, अभिनेत्री अदिति, अभिनेत्री अमृता संत,विनोद पोद्दार तथा समिति के अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित किया। प्रेसिडेंट विनय जैन,संजय मालू, सुनील काबरा, कल्चरल कमेटी के प्रमुख विनोद पोद्दार,प्रदीप बंका,भरत भाई ने आगंतुक मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डाक्टर मुकेश अग्रवाल,प्रदीप जैन, महेश बंग, हर्ष चांडक,भरत गाला, शिल्पा लाहोटी, डाक्टर निधि,राखी सोनिग्रा,तन्वी राव,विवेक नरसरिया, जीतेंद्र गुप्ता, संदीप केडिया सहित हजारों लोग उपस्थित थे।अंत में राष्ट्रगान के साथ कवि सम्मेलन का समापन हुआ।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

# पाइप आगे नहीं बढ़े तो इन्हीं के भीतर बनाई जाएगी ड्रिफ्ट टनल, इस योजना का खाका भी है तैयार

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** चारधाम आल वेदर रोड परियोजना के अंतर्गत सिलक्यारा में निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों को मुख्य सुरंग से ही बाहर निकालने को एक और कार्ययोजना बनाई गई है। यह योजना एस्केप टनल के भीतर ड्रिफ्ट टनल बनाने की है। इस पर कार्य तब शुरू किया जाएगा, जब मशीन से पुश करने के बाद भी पाइप भीतर की ओर नहीं खिसकेंगे। ड्रिफ्ट टनल बनाने के लिए सुरंग के बाहर रखे पाइप का सहारा लिया जाएगा। इनके 10 से 12 इंच के लंबवत टुकड़े काटकर सुरंग के भीतर डाले गए पाइप के अंतिम छोर पर ले जाए जाएंगे और फिर इन्हें वेल्ड कर पाइप से जोड़ा जाएगा। सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए विभिन्न कार्ययोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें पहले मुख्य सुरंग के भीतर की दो कार्ययोजनाओं पर आगे बढ़ा जा रहा था, जिसमें अब तीसरी कार्ययोजना भी जुड़ गई है। मुख्य सुरंग से श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए पहली कार्ययोजना मैनुअल ड्रिलिंग कर जगह बनाते हुए मशीन की सहायता से पाइप को भीतर पुश करने की है। इस दौरान श्रमिक पाइप के भीतर ही रहेंगे, जो यह बताएंगे कि आगे पुश करने पर कोई बाधा तो नहीं आ रही है। यह काम विशेष सावधानी से किया जाएगा। यह कार्य शुरू किया जा चुका है। मुख्य सुरंग से दूसरी कार्ययोजना सुरंग के दाहिनी ओर से ड्रिफ्ट टनल बनाने की है। इसके लिए सेना की कार्ययोजना के अनुसार दो गुणा दो मीटर के ब्लाक बनाए जा रहे हैं, जिन्हें मलबा हटाते हुए भीतर की ओर धकेला जाएगा। इस योजना के अंतर्गत अभी ब्लाक बनाने का कार्य चल रहा है। तीसरी कार्ययोजना सुरंग में डाले गए लगभग 49 मीटर पाइप के भीतर से ही ड्रिफ्ट टनल बनाने की है। यह टनल भी मैनुअली बनाई जाएगी। इस पर काम तब शुरू किया जाएगा, जब अभी तक डाले गए पाइप को आगे पुश करने का प्रयास सफल नहीं होगा अथवा वह कुछ भीतर जाने के बाद कतिपय कारणों से रुक जाता है। ऐसे में रैट माइनर्स सुरंग में एक से डेढ़ मीटर की मैनुअल ड्रिलिंग करेंगे। इसके बाद इस स्थान पर एक विशेष सीमेंटिंग स्प्रे किया जाएगा ताकि यहां से मलबा नीचे न गिरे। इसके बाद ड्रिफ्ट बनाने के लिए बाहर पाइप को 10 से 12 इंच के तीन लंबवत टुकडों में काट कर पाइप के भीतर काम कर रहे कार्मिकों तक भेजा जाएगा, जो इन्हें एंगल वेल्ड कर पाइप के अग्रिम सिरे में जोड़ेंगे। इसी तरह धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए फंसे श्रमिकों तक पहुंचा जाएगा। सिलक्यारा में बचाव कार्यों के लिए शासन की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी सचिव डा नीरज खैरवाल ने बताया कि इस ड्रिफ्ट टनल को बनाने का कार्य उस स्थिति में किया जाएगा, जब पाइप को पुश नहीं किया जा सकेगा। अन्यथा मैनुअल माइनिंग कर पाइप को पुश करके ही आगे बढ़ा जाएगा।



## खानपुर विधायक के निमंत्रण पर तीन दिसंबर को हरिद्वार आएंगे मोहम्मद शमी

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**रुड़की।** खानपुर विधायक उमेश कुमार के निमंत्रण पर तीन दिसंबर को भारतीय क्रिकेटर एवं वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मोहम्मद शमी हरिद्वार में आएंगे और अपने अनुभव को आमजन से साझा करेंगे। यह जानकारी खानपुर विधायक उमेश कुमार ने सोमवार को रुड़की नगर निगम में सभागार में दी। विधायक उमेश कुमार ने सोमवार को कहा कि क्रिकेट या कोई भी खेल हो, हार-जीत उसका एक अंग है। इस बार के वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें भी मोहम्मद शमी का विशेष योगदान रहा है। विधायक ने कहा कि जब क्रिकेटर मोहम्मद शमी का पत्नी से विवाद हो गया, जिसके चलते पत्नी ने साथ छोड़ दिया। वह बेहद निराश हो चुके थे और क्रिकेट से भी दूरी बना ली थी, यहां तक की एक बड़े हादसे से भी वह गुजरे हैं लेकिन उन्होंने मोहम्मद शमी को हौसला दिया, उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जिसका परिणाम रहा कि आज मोहम्मद शमी के खेल की पूरी दुनिया कायल है। तीन दिसंबर को हरिद्वार में होने वाले कार्यक्रम में वह वर्ल्ड कप के अनुभव को साझा करेंगे। साथ ही युवाओं को भी प्रेरित करेंगे।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को मिली 20 साल की कठोर कारावास की सजा


**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**रुड़की।** किशोरी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले और वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित करने का डर दिखाने वाले अभियुक्त को अदालत ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, अभियुक्त पर एक लाख 65 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक ग्रामीण ने मंगलौर कोतवाली पुलिस को 24 सितंबर 2022 को बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी (14) की दोस्ती इंस्टाग्राम पर गुरमीत नरवाल निवासी ग्राम बन्ना थाना कलायत, जिला कैथल, हरियाणा से हुई थी। सात सितंबर 2021 को वह उसकी बेटी से मिलने मंगलौर आया था। आरोपित धोखे से उसे मंगलौर में ही एक मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दो दिन तक आरोपित उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान उसने उसकी बेटी की अश्लील वीडियो भी बनाई। दो दिन बाद उसे बदहवाश हालत में छोड़कर फरार हो गया था। उसने बेटी को डर दिखाया था कि यदि यह बात किसी को बताई तो उसकी वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर देगा। इस डर से किशोरी ने किसी को कुछ नहीं बताया। इसके बाद वह वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित करने का डर दिखाकर दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद से किशोरी गुमशुम रहने लगी। जब काफी दिनों तक किशोरी इस हालत में रही तो स्वजन ने उसे विश्वास में लेकर पूछताछ की। जिसके बाद किशोरी ने स्वजन को पूरी बात बताई। स्वजन की तहरीर पर मंगलौर कोतवाली पुलिस ने 24 सितंबर 2022 को गुरमीत नरवाल पर मुकदमा दर्ज कर जांच की और आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में पुलिस ने 21 नवंबर 2022 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए। उक्त मामला फास्ट ट्रेक कोर्ट एवं अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सुल्तान की कोर्ट में विचाराधीन था। शासकीय अधिवक्ता विवेक कुश ने बताया कि गवाह व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने अभियुक्त गुरमीत नरवाल को 20 साल के कठोर कारावास और एक लाख 65 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड में से एक लाख रुपये पीड़िता को प्रतिकर देय के आदेश दिए है। साथ ही, चार लाख रुपये का मुआवजा जिला प्रशासन को देने के आदेश दिए है।

# '30 नवंबर तक करें गड्ढा मुक्त', घटिया सड़कों को लेकर सीएम धामी का अल्टीमेटम

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 नवंबर तक सड़कों को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त बनाया जाए। साथ ही सचिव लोनिवि एवं अन्य सर्किल स्तर के अधिकारी सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि तय समयावधि में सड़कों के गड्ढा मुक्त न होने की स्थिति और कार्यों में लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध मौके पर ही निलंबन की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे कभी भी सड़कों के निर्माण कार्यों एवं पैच वर्क से संबंधित कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सचिवालय में हुई बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि देहरादून में स्मार्ट सिटी के कार्यों और आंतरिक सड़क मार्गों के कार्य भी युद्धस्तर पर किए जाएं। शहर में सड़क निर्माण कार्य रात्रि के समय तेजी से किए जाएं।



### बनाए जाएं नोडल अधिकारी

सीएम धामी ने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सचिव लोनिवि को नोडल अधिकारी बनाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जहां पर भी निर्माण कार्य प्रगति पर है, वहां बैरिकेडिंग सही तरह से लगे और यह ध्यान रखा जाए कि आवागमन में अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सड़कों पर डिवाइडर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लाइटिंग की अच्छी व्यवस्था रखने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में वैश्विक निवेशक सम्मेलन और आपदा प्रबंधन पर छठवीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस जैसे दो बड़े आयोजन के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं।


### सड़कों पर न झूलते रहें बिजली के तार

मुख्यमंत्री ने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक बहाव वाले क्षेत्रों में व्हाइट टापिंग तकनीक का प्रयोग किया जाए। सड़कों से संबंधित जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, वे आगामी 50 वर्ष की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए की सड़कों पर बिजली के तार न झूल रहे हों। सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान बिजली के पोल को सड़कों से बाहर शिफ्ट किया जाए। सड़कों पर किसी को भी अतिक्रमण न करने दिया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव डा पंकज कुमार पांडेय, अपर सचिव विनीत कुमार, नगर आयुक्त देहरादून मनुज गोयल और लोनिवि के अधिकारी उपस्थित थे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर लौट रहे एक परिवार के तीन लोगों की मौत

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**हरिद्वार।** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर हरिद्वार से घर लौट रहे गाजियाबाद के श्रद्धालुओं की कार बहरामपुर क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा श्रद्धालुओं की कार के नाले की पुलिया से टकराने पर हुआ जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बाप बेटे समेत तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि परिवार का एक अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शिनाख्त कराते हुए श्रद्धालुओं के स्वजनों को सूचना दी। सोमवार की सुबह गाजियाबाद का एक श्रद्धालु परिवार स्नान के बाद कार से अपने घर लौट रहा था। बहरामपुर क्षेत्र में क्रिस्टल वर्ल्ड के सामने शान्तरशाह में उनकी कार नाले की पुलिया



की दीवार से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे चारों लोग घायल हो गए। शान्तरशाह चौकी प्रभारी खेमेन्द्र गंगवार ने घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से रुड़की सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया जबकि चौथे का उपचार चल रहा है। बहरामपुर थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ ने बताया कि मृतकों की पहचान मिथिलेश झा और उनके बेटे राजन झा व आशीष झा निवासी गाना संदीप एनक्लेव अकबरपुर बहरामपुर गाजियाबाद के रूप में हुई है। घायल का नाम भी मिथिलेश कुमार है। चारों एक ही परिवार के सदस्य हैं। स्वजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने पर शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# घुटने की बीमारी से परेशान हैं 15 करोड़ से ज्यादा लोग



हर सात मिनट में एक घुटना ट्रांसप्लांट करने और अब तक 1 लाख से ज्यादा नी ट्रांसप्लांट कर चुके देश के जाने माने ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ। विक्रम शाह ने कहा कि इस समय पूरे देश में महामारी की तरह घुटने की बीमारी बढ़ रही है। हर दूसरा या तीसरा मरीज घुटने की परेशानी से जूझ रहा है, लेकिन सरकार के पास कैंसर या अन्य बीमारी की तरह घुटना प्रत्यारोपण यानी नी ट्रांसप्लांट की रजिस्ट्री न होने की वजह से मरीजों के सही आंकड़ा का पता नहीं चल रहा है।

## 15 करोड़ से ज्यादा लोग घुटने की बीमारी से पीड़ित

गुजरात के अहमदाबाद स्थित शाल्बी अस्पताल के संस्थापक डॉ। विक्रम शाह ने कहा कि देश में 15 करोड़ से अधिक लोग घुटने की बीमारी से पीड़ित हैं। इनमें से 4 करोड़ लोगों को प्रत्यारोपण की जरूरत है। डॉक्टर ने कहा कि जिस तेजी से यह बीमारी बढ़ रही है, आने वाले कुछ सालों में आर्थराइटिस लोगों को शारीरिक रूप से अक्षम बनाने में चौथा प्रमुख कारण होगा। क्या आपको या आपके परिवार के किसी सदस्य को जॉइंट्स में दर्द रहता है?

अगर हां, तो आप ऑर्थराइटिस से पीड़ित हैं। ऐसे में समय रहते सावधानी न बरती जाए तो प्रॉब्लम दिन-प्रतिदिन बढ़ती जाती है। सेंट्रल हेल्थ मिनिस्ट्री के अनुसार, 2017 तक आर्थराइटिस की चपेट में आने वाली महिलाओं की संख्या दोगुना हो गई है। वहीं, 2019 तक आर्थराइटिस से पीड़ित लोगों की संख्या डायबीटीज के पेशेंट्स से भी ज्यादा हो जाएगी। डॉक्टरों की मानें तो आर्थराइटिस 230 तरह की होती है लेकिन इसका रूप कोई भी हो, सबसे पहले जॉइंट्स में सूजन आ जाती है। प्रॉब्लम बढ़ने पर चलने-फिरने और हिलने-डुलने में भी परेशानी होने लगती है। ऐसे में कुछ सावधानियां बरतकर आप इस समस्या से बच सकते हैं। अगर हाल की रिपोर्ट की मानें, तो भारत में हर 3 में एक महिला आर्थराइट्स से पीड़ित है।

हाल ही में की गई एक रिसर्च के अनुसार, देश में 55 वर्ष से अधिक उम्र के 20 प्रतिशत, 65 वर्ष से अधिक उम्र के 40 प्रतिशत और 80 वर्ष से अधिक उम्र के 60 प्रतिशत लोगों को जोड़ों या घुटनों में दर्द की समस्या आम बात हो गई है। इस बारे में सीनियर ऑर्थोपेडिक व जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ बीरेन नादकर्णी बताते हैं कि आर्थराइटिस एक पेनफुल प्रोसेस है।



# लिक्विड लिपस्टिक लगाते वक्त इन जरूरी बातों का रखें ध्यान

इस समय लड़कियों के बीच लिक्विड लिपस्टिक काफी लोकप्रिय हो रही है और यह सबसे ज्यादा यूज होने वाले ब्यूटी प्रॉडक्ट्स में से एक बन गई है। जिन्हें भी मेकअप का शौक है, उनके बैग में कम से कम एक लिक्विड लिपस्टिक जरूर मिल जाएगी। अन्य लिपस्टिक की अपेक्षा ये ज्यादा समय तक टिकती है और इसका कलर भी काफी इन्टेस होता है। इसका एक कोट ही आपके लिप्स को बेहद खूबसूरत कलर देता है। अगर आप भी लिक्विड लिपस्टिक की शौकीन हैं तो इन बातों को जरूर फॉलो करें...

**इसमें समय लगता है**

बाकि लिपस्टिक्स की तरह इसे झटपट नहीं लगाया जा सकता। लिक्विड लिपस्टिक लगाते समय आपको धैर्य रखने की जरूरत होती है। इसे आप जल्दबाजी में कभी न लगाएं। इसे लगाते वक्त समय लें ताकि प्रॉपर आउटलाइन और फिनिशिंग दे सकें।

**मेकअप करना न भूलें**

लिक्विड लिपस्टिक काफी पिगमेंटेड होती है, इसलिए इसे लगाने के साथ-साथ मेकअप करना भी जरूरी हो जाता है। मेकअप बेस के तौर पर फाउंडेशन लगाएं और अच्छी तरह से मेकअप करें ताकि देखने में अजीब न लगे। आप लिपस्टिक की मैचिंग का ब्लश भी यूज कर सकती हैं।

**ज्यादा लिपस्टिक न लगाएं**

लिक्विड लिपस्टिक का एक कोट काफी होता है। एक्सट्रा पिगमेंटेशन से बचने के लिए लिपस्टिक लगाने से पहले एक्स्ट्रा लिपस्टिक स्टिक से हटा दें। इससे आपके लिप्स को टेक्सचर भी मिलेगा और एक्स्ट्रा लिपस्टिक पर कंट्रोल भी रहेगा। ड्रमैटिक लुक के लिए आप लिपस्टिक की एक्सट्रा कोट्स लगा सकती हैं।

**होंठों को मॉइश्चराइज करें**

अगर आप के होंठ अक्सर सूखे और फटे रहते हैं तो लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉइश्चराइज जरूर करें। इससे आपके होंठ हाइड्रेटेड रहेंगे। लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर लिप बाम लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद ही लिक्विड लिपस्टिक लगाएं।

**निचले होंठ पर पहले लगाएं लिपस्टिक**

लिपस्टिक लगाने का सबसे अहम रूल है कि लिपस्टिक सबसे पहले निचले होंठ पर लगाएं और फिर दोनों होंठों को एकसाथ प्रेस करें जिससे की लिरस्टिक आपस में मिल जाए। लिप ब्रश या लिप लाइनर से होंठों को अच्छी तरह से शेप दें। ये ध्यान रखें कि लिप लाइनर का कलर लिपस्टिक से एक शेड डार्क होना चाहिए।

# सिर्फ फटे होंठ पर ही नहीं, पेट्रोलियम जेली को ऐसे भी कर सकती हैं यूज




## पेट्रोलियम जेली के हैं कई फायदे

अगर आप किसी ऐसे प्रॉडक्ट की तलाश में हैं जो आपके मेकअप को हटा सके और इसकी कीमत भी ज्यादा न हो तो इसके लिए आपको इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम जेली ये काम तुरंत कर सकती है। इससे आपकी स्किन में जलन और इरिटेशन भी नहीं होगी , ये जेली सेन्सटिव स्किन के लिए भी बिल्कुल सेफ है। अक्सर लोग पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल मॉइश्चराइजर के तौर पर ही करते हैं लेकिन बहुत ही कम लोगों को पता है कि स्किन के लिए इसके और भी कई फायदे हैं।

**दोमुंहे बालों के लिए** - हम अपने बालों को खूबसूरत और मजबूत बनाने के लिए क्या-क्या नहीं करते हैं लेकिन फायदा बहुत कम ही देखने को मिलता है। आजकल पलूशन की वजह से या हेयर स्टाइलिंग के लिए हीट के इस्तेमाल से बाल कमजोर और दोमुंहे हो रहे हैं। इसके अलावा सूरज की अल्ट्रा वॉयलेट किरणों से भी बाल डैमेज हो जाते हैं। अगर आप बालों के सिरों पर पेट्रोलियम जेली लगाती हैं तो दोमुंहे बाल कम होने के साथ-साथ आपके बाल चमकदार भी होंगे। इसके लिए अपने हथेलियों के बीच में थोड़ा-सा पेट्रोलियम जेली लेकर रगड़ें और बाल के सिरों पर लगा लें , रिजल्ट्स आपको जल्द ही दिखने शुरू हो जाएंगे।

**हेयर डाई से स्किन पर लगने वाले धब्बे से बचाए** - ये पेट्रोलियम जेली का सबसे असरदार फायदा है। हेयर डाई से स्किन को बचाने के लिए या स्किन पर धब्बा न लगे इसके लिए पेट्रोलियम जेली को अपने बालों में लगाएं। अगर नेल पॉलिश लगाते समय भी नेल पॉलिश आपके नाखून के बाहर स्किन पर लग जाए तो आप इसे पेट्रोलियम जेली की मदद से आसानी से हटा सकती हैं।

**रेजर बर्न से राहत** - रेजर से पैरों के बाल शेव करने से पहले थोड़ी-सी पेट्रोलियम जेली को अपने फ्रिजर में रख दें। शेव करने के बाद इस ठंडी जेली को पैरों पर हल्के हाथों से लगाएं। इससे आपको ठंडक मिलेगी , स्किन को नमी मिलेगी और स्किन सॉफ्ट होने के साथ-साथ ग्लोइंग भी होगी।

**हाईलाइटर के तौर पर यूज** - स्किन के नैचरल ग्लो के लिए तो पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन शायद आपको पता न हो कि इसका इस्तेमाल आप हाईलाइटर के तौर पर भी कर सकती हैं। इसके लिए अपने गालों के ऐपल और ब्रो बोन्स पर थोड़ी-सी पेट्रोलियम जेली लगाएं और आपको एक सॉफ्ट ग्लो देखने को मिलेगा। इसके लिए आपको मंहगे प्रॉडक्ट यूज करने की जरूरत नहीं है।

# हेल्थ के लिए खतरनाक है ग्लूटन, जानें नुकसान से लेकर बचाव तक सबकुछ

सीलिएक बीमारी, वीट इंटॉलरंस और ग्लूटन की बातें अब अपने देश के लोगों को भी कुछ परेशान करने लगी हैं। कुछ हद तक भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि गेहूं अचानक दुश्मन कैसे हो गया? इस विषय पर देसी और विदेशी एक्सपर्ट्स से बात कर पूरी जानकारी दे रहे हैं लोकेश के. भारतीः

क्या आप जानते हैं कि ग्लूटन होता क्या है और यह क्यों खतरनाक है? दरअसल ग्लूटन गेहूं, जौ और जई (बार्ली) जैसे अनाजों में मिलने वाला एक प्रोटीन है। ग्लूटन में कई तरह के तत्व होते हैं। उनमें से एक है ग्लियाडिन (Gliadin)। ग्लूटन इसी ग्लियाडिन की वजह से खतरनाक बनता है यह सीलिएक और ग्लूटन से एलर्जी रखने वालों के लिए हानिकारक है। जब कोई ग्लूटन सेंसिटिव शख्स ग्लूटन प्रॉडक्ट खाता है तो शरीर ग्लूटन को अपना दुश्मन समझने लगता है। असल परेशानी यही से शुरू होती है। इसकी वजह से शरीर में कई तरह की समस्याएं पैदा होने लगती हैं। कुछ लोग बचपन से ही ग्लूटन को लेकर सामान्य नहीं होते। जिन्हें सीलिएक बीमारी होती है, उनमें ग्लूटन प्रोटीन पूरी तरह से पच नहीं पाता और इससे छोटी आंत की म्यूकोसा लेयर को नुकसान पहुंचता है। इससे उसमें छोटे-छोटे सुराख हो जाते हैं। इस वजह से खाना पचता नहीं है और कई दूसरी तरह की समस्याएं भी हो जाती हैं। यह जन्मजात होती है।

**लक्षण** - इसके पेशंट की लंबाई कम होती है, वजन नहीं बढ़ पाता। उनमें डायरिया, एनीमिया और हड्डियों की कमजोरी जैसे लक्षण हो सकते हैं। नोटः यहां एक बात का ध्यान रखना जरूरी है कि इस तरह के लक्षण दूसरी बीमारियों के भी हो सकते हैं, इसलिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर को दिखाने और टेस्ट कराने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# टीवी डेब्यू करने जा रहे रणवीर सिंह



**फिल्मों** में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले रणवीर सिंह अब छोटे पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं। रणवीर सिंह कलर्स चैनल के क्विज शो 'द बिग पिक्चर' को होस्ट करते नजर आएंगे। इस शो का प्रोमो वीडियो सामने आ चुका है। शो का प्रोमो रणवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में रणवीर सिंह फिल्मों में निभाए अपने अलग-अलग किरदारों के बारें में बताते नजर आ रहे हैं। इसके बाद वह इस शो के फॉर्मेट के बारे में बताते हैं। खबरों के अनुसार रणवीर सिंह ने अपने टीवी डेब्यू के बारे में कहा, एक कलाकार के रूप में मेरी जर्नी में प्रयोग करने और एक्सप्लोर करने की ललक हर समय रही है। बॉलीवुड ने मुझे सब दिया और ये मेरे लिए एक एक्टर के रूप में अपने टैलेंट को एक्सप्लोट करने का सबसे अच्छा मौका है। मुझे भारत के लोगों से अपार प्यार मिला है और उम्मीद है आगे भी मिलेगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो रणवीर सिंह की फिल्म 83 रिलीज होने का इंतजार कर रही है। इस फिल्म में वह पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल देव के किरदार में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा उनके पास जयेशभाई जोरदार और सर्कस जैसी फिल्में भी है।



# अलाया एफ ने डेटिंग की खबरों पर तोड़ी चुप्पी



अलाया एफ ने फिल्म इंडस्ट्री में बस अभी अपने कदम ही रखे है। उन्हें अभी यहां कामयाबी हासिल करने में कुछ वक़्त लगेगा। लेकिन अलाया शुरू से ही अपनी फिल्मों के बजाय अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर ज्यादा सुर्खियों में रहती हैं। वही, लंबे समय से मीडिया में इस तरह की खबरें हैं कि अलाया एफ बालासाहेब ठाकरे के पोते ऐश्वर्य ठाकरे को डेट कर रही हैं। हालांकि कभी भी अलाया और ऐश्वर्य ने खुलकर अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। इन सबके बीच अब अलाया एफ ने ऐश्वर्य ठाकरे को डेट करने को लेकर अपना रिएक्शन दिया है। अलाया ने मीडिया से बातचीत के दौरान अपने फिल्मी करियर के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर ढेर सारी बातें की हैं। ऐश्वर्या ठाकरे को डेट करने को लेकर अलाया एफ ने कहा है कि वह सिर्फ उनके बहुत अच्छे और टैलेंटेड दोस्त हैं। अलाया एफ से सवाल किया गया कि एक कलाकार की निजी जिंदगी हमेशा सुर्खियों में रहती है और आपके मामले में भी ऐसा हुआ है। ऐश्वर्या ठाकरे को डेट करने की खबरें हैं। क्या इसमें कोई सच्चाई है? आप ऐसी खबरों को कैसे हैंडल करते हैं? इस सवाल के जवाब में अलाया एफ ने कहा, अगर आपके बारे में बात की जा रही है, तो यह हमेशा अच्छा होता है! आपको इन खबरों को बहुत गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।

# कुछ नया करने जा रहीं मलाइका अरोरा



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मलाइका अरोरा ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई हैं। मलाइका 2 दशक से ज्यादा समय से फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। मलाइका कई टीवी शोज को जज करती भी नजर आती हैं। इसके अलावा वह सोशल मीडिया पर फैंस को योग और फिटनेस की टिप्स भी देती रहती हैं। वहीं अब मलाइका कुछ बड़ा करने वाली हैं। वह एंटरप्रेन्योर के तौर पर अपनी जर्नी शुरू करने वाली हैं। मलाइका अपने साथियों के साथ मिलकर नया कंटेंट प्रोड्यूस करने वाली हैं, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान दी है। खबरों के अनुसार मलाइका ने दो साल पहले कन्टेंट को को-प्रोड्यूस करने की योजना बनानी शुरू की थी। वे एक निमार्ता के तौर पर सलमान खान की फिल्म 'दबंग' से भी जुड़ी थीं। उन्होंने कहा, आखिरकार यह आगे बढ़ रहा है और मैं कुछ शो को को-प्रोड्यूस करने जा रही हूं। मलाइका ने कहा, आशा करती हूं कि ये सब आसानी से हो जाए। बहुत सारा काम पहले से ही पाइपलाइन में है। बीते दो सालों में प्लान ने आकार लेना शुरू किया है और मैं अपना शुरूआती कुछ काम अगले स्तर पर ले जाने की उम्मीद कर रही हूं। इसके मैंने कुछ शानदार लोगों के साथ मिलकर काम किया है।

# श्रद्धा निभाएंगी डबल रोल



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। श्रद्धा कपूर जल्द ही रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'चालबाज इन लंदन' में नजर आएंगी। इस फिल्म को पंकज पराशर डायरेक्ट करेंगे जिन्होंने श्रीदेवी की क्लासिक फिल्म चालबाज बनाई थी। ये फिल्म भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी सीरीज और डायरेक्टर अहम खान और शकीर खान के पेपल डॉल एंटरटेनमेंट के बैनर के तले बन रही है। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर डबल रोल में नजर आने वाली हैं। खबरों के अनुसार हाल ही में एक इंटरव्यू में पंकज पराशर ने श्रीदेवी की चालबाज और श्रद्धा कपूर के साथ बन रही चालबाज के बीच अंतर बताया है। पंकज ने यह भी खुलासा किया कि कैसे ओरिजिनल फिल्म की सफलता के बाद इसके आगामी सीक्वल के लिए भी काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। पंकज पराशर ने बताया कि मैंने चालबाज श्रीदेवी के साथ बनाई थी। हम चाहते थे वो अपने वक्त से आगे की फिल्म बने। उसी सोच के साथ मैं चालबाज इन लंदन को भी बनाने की तैयारी में हूं। यह भी एकदम नई फिल्म होगी, जो नई दुनिया के साथ और उसके अनुसार होगी। हालांकि ये पुरानी चालबाज से बिल्कुल अलग होगी और कहानी भी आज के दौर के अनुसार सेट की गई है।